तापमान
अधिकतम 19 .1 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, गुरुवार 29 जनवरी 2026

11 तहसील में भ्रष्टाचार के विरोध में दिया धरना




12 लाला लाजपत राय की मूर्ति पर किया माल्यार्पण



## आरपीएस महेंद्रगढ़ के कृष्ण कुमार ने क्लैट में ऑल इंडिया कैटेगरी रैंक-1 प्राप्त कर इतिहास रचा
### -कानूनी शिक्षा के शिखर पर आरपीएस के सितारे
### क्लैट व एलेट 2026 में ऐतिहासिक प्रदर्शन


कृष्ण कुमार

**महेंद्रगढ़।** आरपीएस विद्यालय खातोद महेंद्रगढ़ के छात्र कृष्ण कुमार ने वर्ष 2026 की प्रतिष्ठित राष्ट्रीय विधि प्रवेश परीक्षा क्लैट में अपनी कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त कर इतिहास रच दिया। वहीं पीयूष ने हरियाणा कैटेगरी में स्टेट रैंक-1, महक, रौनक, अक्षिता व ज्योति चनेजा ने विभिन्न राज्यों में स्टेट रैंक-2, जबकि श्रेयसी और नव्या ने स्टेट रैंक-4 हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी दिल्ली द्वारा आयोजित एलेट परीक्षा में भी आरपीएस की छात्रा महक ने अपनी कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंक-3 तथा स्पंदन ने ऑल इंडिया रैंक-27 प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। बता दें कि आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय विधि प्रवेश परीक्षाओं क्लैट और एलेट में ऐतिहासिक सफलता दर्ज कर शिक्षा जगत में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने न केवल देशभर में बल्कि विभिन्न राज्यों में भी टॉप रैंक हासिल कर क्षेत्र, जिला और प्रदेश का नाम रोशन किया है। हाल ही में घोषित क्लैट में आरपीएस महेंद्रगढ़ के कृष्ण कुमार ने अपनी कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंक-1, छात्र पीयूष ने हरियाणा कैटेगरी में स्टेट रैंक-1, महक,रौनक, अक्षिता व ज्योति चनेजा ने विभिन्न राज्यों में स्टेट रैंक-2, श्रेयसी और नव्या ने स्टेट रैंक-4 तथा श्रेयसी कंबोज, कुसुमलता, अंशु, पीयूष, शिखा, लक्षिता, प्रतीक्षा, उषा, वल्लिका, प्राशी गुप्ता, वैभवी सुरेरिया, माही राव, स्पंदन, हंशिका सहित अन्य विद्यार्थियों ने टॉप रैंकों में स्थान बनाते हुए आरपीएस की शैक्षणिक श्रेष्ठता सिद्ध की। उधर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी दिल्ली द्वारा आयोजित एलेट परीक्षा में भी आरपीएस के छात्रा महक ने अपनी कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंक-3 तथा स्पंदन ने ऑल इंडिया रैंक-27 प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। इस वर्ष आरपीएस के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने क्लैट व एलेट क्वालिफाई किया, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इसके अलावा आरपीएस के छह विद्यार्थियों कृष्ण कुमार, महक, पीयूष, श्रेयसी, अक्षिता धीमान, रौनक को नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी बेंगलुरु में मिला दाखिला।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप के सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने कहा कि न्यायपालिका समाज की सेवा और संविधान की रक्षा का सशक्त माध्यम है और आरपीएस के ये विद्यार्थी भविष्य के सशक्त न्याय प्रहरी बनेंगे। आरपीएस के विद्यार्थी अब तकनीकी, चिकित्सा के साथ-साथ विधि और वाणिज्य के क्षेत्र में भी राष्ट्रीय स्तर पर इतिहास रच रहे हैं। ग्रुप की चेयरपर्सन डॉक्टर पवित्रा राव ने कहा कि आरपीएस की शिक्षण प्रणाली विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं के लिए तैयार करने में सक्षम है, जिसका परिणाम क्लैट और एलेट में यह अभूतपूर्व सफलता है। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के विश्वास और शिक्षकों के समर्पण का प्रतिफल है। ग्रुप के डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने बताया कि विद्यालय द्वारा राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए छात्रों को नवीनतम परीक्षा पैटर्न पर अध्ययन सामग्री उपलब्ध करवाई जाती है। परीक्षा के तनाव को दूर करने के लिए समय-समय पर 'मोटिवेशनल सेशन' और काउंसलिंग का आयोजन किया जाता है, जिससे कि विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बना रहे।



**सफल विद्यार्थियों ने कहा कि यह सफलता आरपीएस परिवार की दूरदर्शी सोच और अटूट परिश्रम का परिणाम है। विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की इन प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। अनुभवी शिक्षकों और कानूनी विशेषज्ञों द्वारा नियमित कक्षाओं के साथ-साथ कठिन विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए गए।**
(ADVT.)

## खबर संक्षेप

### कथूरा में घर पर बिजली गिरने से सामान जला

**गोहाना।** कथूरा के सुरेश के मकान पर बिजली गिर गई। इससे भवन क्षतिग्रस्त हो गया और काफी बिजली उपकरण भी जल गए। सुरेश ने बताया कि मंगलवार को दिन में उसकी पत्नी घर से बाहर गई थी और वह बाहर बरामद में बैठा था। इसी दौरान उसके मकान पर बिजली गिर गई। इससे मकान की मुंडेर, फर्श की टुकड़ी और छत भी क्षतिग्रस्त हो गई। इसके साथ में इनवर्टर, फ्रिज व अन्य बिजली उपकरण जल गए। वहीं ट्रांसफार्मर में भी नुकसान हुआ। घटना का पता लगने पर बुधवार को ग्रामीण उनके घर पहुंचे और प्रशासन से आर्थिक मदद देने की मांग की।

### कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक आज

**सोनीपत।** उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि जिला कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक आज दोपहर बाद दो बजे लघु सचिवालय के तृतीय तल स्थित सभागार में आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्यमंत्री तथा जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति के अध्यक्ष गौरव गौतम करेंगे। बैठक के दौरान आमजन की समस्याएं सुनते हुए उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

### मौसम : बादल छाने से दिन में भी रही ठिठुरन

**सोनीपत।** उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से सोनीपत जिले में मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है। बुधवार को दिनभर आसमान में बादलों का डेरा रहा, जिससे धूप गायब रही और लोगों को दिन में भी ठिठुरन महसूस हुई। जिले के ग्रामीण अंचलों में ठंड का प्रभाव अधिक देखा गया। हालांकि न्यूनतम तापमान 11.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लेकिन बादलों की आवाजाही और ठंडी हवाओं के कारण अधिकतम तापमान भी सामान्य से नीचे गिरकर 19.1 डिग्री सेल्सियस पर सिमट गया। मौसम विभाग के अनुसार, पहाड़ों में हो रही बर्फबारी और मैदानी इलाकों में नमी के बढ़ने से तापमान में यह गिरावट दर्ज की जा रही है।

**बेखौफ बदमाश**

### युवकों ने लक्ष्मण सिंह की कार को स्कॉर्पियो से टक्कर मारी, कंपनी में घुसकर की लूटपाट

# दिनदहाड़े कंस्ट्रक्शन ठेकेदार से हाथापाई कर गाड़ी व नकदी लूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

गांव बड़वासनी के पास मुरथल निवासी कंस्ट्रक्शन ठेकेदार के साथ दिनदहाड़े हाथापाई कर बदमाश कार व नकदी लूटकर भाग गए। स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने पहले ठेकेदार की कार को टक्कर मारी, इसके बाद कंपनी परिसर में घुसकर हाथापाई करते हुए नकदी व कार लूट ली। गांव मुरथल निवासी लक्ष्मण सिंह ने सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है कि वह निर्माण कार्यों का ठेका लेते हैं। उन्होंने गांव बड़वासनी क्षेत्र में गोहाना-सोनीपत मार्ग पर स्थित निजी कंपनी में निर्माण का ठेका ले रखा है। लक्ष्मण सिंह ने बताया कि 27 जनवरी की सुबह वह अपनी कार में सवार होकर कंपनी की ओर जा रहे थे।

सुबह करीब सवा दस बजे जब वह कंपनी के मुख्य द्वार के सामने पहुंचे तो सामने से आ रही स्कॉर्पियो के चालक ने अचानक उनकी कार के आगे गाड़ी अड़ा दी। उन्होंने बचाव के प्रयास में अपनी कार को एक ओर करने की कोशिश की, लेकिन सामने वाले वाहन चालक ने भी जानबूझकर गाड़ी उनकी तरफ मोड़ दी। ऐसे में दोनों वाहनों में टक्कर हो गई और हल्की क्षतिग्रस्त हुई।वह बचकर अपनी कार सहित कंपनी परिसर के अंदर चले गए, लेकिन गाड़ी भी पीछा करते हुए परिसर में घुस आई। गाड़ी से उतरे दो युवकों ने उनके साथ हाथापाई की। हाथापाई के दौरान युवकों ने पीड़ित की कार की चाबी, आवश्यक दस्तावेज तथा कार में रखी 80 हजार रुपये की नकदी छीन ली। चाबी छीनने के बाद एक युवक उनकी कार में बैठ गया, जबकि दूसरा अपनी गाड़ी में सवार हुआ। दोनों बदमाश दोनों गाड़ियों को लेकर मौके से भाग गए। पीड़ित का कहना है कि वह दोनों युवकों को सामने आने पर पहचान सकते हैं। सदर थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।




- पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया, नहीं मिला सुराग

## एनएच-44 पर प्रॉपर्टी डीलर की कनपटी पर पिस्तौल तानकर बेरहमी से मारपीट

- दिल्ली के रोहिणी के सतीश पर दस से ज्यादा युवकों ने किया हमला

**सोनीपत।** एनएच-44 स्थित कुंडली क्षेत्र में एक प्रॉपर्टी डीलर पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमलावरों ने पीड़ित की कार रुकवाकर उस पर लोहे की रॉड, लाठी-डंडों और सुओं से हमला किया, उसकी कनपटी पर पिस्तौल तान दी और अधमरा कर मौके से फरार हो गए। कुंडली थाना पुलिस ने पीड़ित के बयान पर नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-22 निवासी सतीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 27 जनवरी को वह अपनी ब्रेजा कार से बहालगढ़ चौक अपने दोस्त संदीप निवासी भटगांव से मिलने आया था। काम निपटाने के बाद जब वह दिल्ली लौट रहा था और कुंडली के पास हसीजा अस्पताल के सामने पहुंचा, तभी एक कार ने उसे ओवरटेक किया। इसके बाद उसने अपनी कार रोकी तो अचानक उस पर हमला कर दिया गया। पीड़ित के अनुसार हमलावरों ने उसकी कार पर लोहे की रॉड से वार कर शीशे तोड़ दिए और उसे जबरन कार से बाहर निकाल लिया। इसके बाद 10 से 15 युवकों ने लाठी-डंडों से उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। आरोप है कि हमलावरों के पास लोहे की रॉड, डंडे और सुए थे। इस दौरान उसकी कनपटी पर पिस्तौल भी तान दी गई। शिकायत में बताया गया है कि पिस्तौल जठेड़ी गांव निवासी देवेंद्र उर्फ चुजा के पास थी और उसी के इशारे पर यह हमला कराया गया। पीड़ित का आरोप है कि देवेंद्र उर्फ चुजा के साथ उसका जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा है, उसी रंजिश के चलते इस वारदात को अंजाम दिया गया। मारपीट के बाद देवेंद्र उर्फ चुजा ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। राहगीरों ने गंभीर हालत में सतीश को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने पीड़ित के बयान के आधार पर जठेड़ी निवासी देवेंद्र उर्फ चुजा व अन्य पर केस दर्ज किया है।

**आईआईआईटी में डकैती की वारदात का पर्दाफाश**

## 3 दिन पहले इलेक्ट्रिशियन बनकर काम किया, तार बेचते गिरफ्तार

**सोनीपत।** गांव किलोहड़द स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) परिसर में हथियार के बल पर डकैती डालने वाले कोई और नहीं बल्कि तीन दिन पहले कैंपस में इलेक्ट्रिशियन का काम करने के लिये आए थे। कैंपस में लाखों रुपये कीमत के तार देखकर इनके मन में लालच आ गया। इस मामले से स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट ने पर्दा उठा दिया है। टीम ने मामले में तीन आरोपितों उत्तर प्रदेश के जिला आजमगढ़ के गांव डूबरा निवासी राजू, गांव खुरसूखास निवासी रितिक रोशन और गांव सराय मोहन निवासी मनीष को गिरफ्तार किया है। आरोपितों को तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। एसीपी क्राइम राजपाल ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि 24 जनवरी को राकेश डोगरा ने सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि वह आईआईआईटी कैंपस में प्रोजेक्ट प्रोक्योरमेंट मैनेजर है। आईआईआईटी कैंपस में भवन निर्माण का कार्य चल रहा है, जिसके लिए अलग-अलग स्टोर बनाए गए हैं। शुक्रवार देर रात छह हथियारबंद बदमाशों ने कैंपस में घुसकर ड्यूटी पर तैनात चौकीदार विजेंद्र, कैलाश, आजाद, जयवीर और रोशन हथियार के बल पर काबू कर करीब 10 लाख के तार लूट लिए थे। सुबह चालक गुलशन के कैंपस में पहुंचने पर डाका डालने का पता लगा था। सभी चौकीदार रस्सी से बंधे मिले थे और उनके मुंह पर टेप लगी थी। मामले की जांच के लिए स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट की टीम को भी लगाया था। एएसआई अमित को सूचना मिली कि वारदात को अंजाम देने के तीन आरोपित गांव नांगल कलां के पास टीडीआई सिटी के पास मौजूद हैं। जिस पर टीम ने तीनों को दबोच लिया। तीनों को तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है।



**तीन आरोपी पकड़े**

आरोपित कंपनी से 17 पेटी तार चोरी कर ले गए थे। वह चार बंडल लेकर बेचने के लिए नांगल कलां के पास पहुंचे थे। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिल गई। पुलिस ने सूचना के बाद तीनों को दबोच लिया। उनसे चार बंडल तार मिले हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि तीनों आरोपित वारदात से तीन दिन पहले ही कैंपस में इलेक्ट्रिशियन की नौकरी के लिए आए थे। यहां काम करते समय लालच आ गया और अपने साथियों को आजमगढ़ से बुलाकर डाका डालने की वारदात को अंजाम दिया।

## अगवा कर मारपीट करने और फोन छीनने का आरोपी पकड़ा

- टोल विवाद पर रंजिश में हमला, आरोपी तीन दिन के रिमांड पर

**सोनीपत।** थाना सदर सोनीपत की पुलिस ने रास्ता रोककर अगवा करने, मारपीट करने और मोबाइल फोन छीनने की घटना में संलिप्त एक आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार पुलिस रिमांड पर लिया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान प्रवीन उर्फ मांडू निवासी अटायल जिला रोहतक के रूप में हुई है। इस संबंध में सचिन पुत्र धर्मपाल निवासी गांव ककरोई ने 28 जनवरी 2026 को थाना सदर सोनीपत में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह झरोठ टोल टैक्स पर नौकरी करता है। 25 जनवरी को टोल पर्ची को लेकर एक ट्रक चालक से कहासुनी हुई थी, जिसका बाद में समझौता हो गया था। इसी रंजिश में आशीष उर्फ भोला अपने तीन साथियों के साथ कार में आया और छुट्टी के बाद रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट की गई। उसे जबरन कार में बैठाकर मोबाइल फोन छीन लिया गया और कुछ दूरी पर कार से नीचे फेंक दिया गया। मामले में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया। जांच के दौरान सहायक उप निरीक्षक नरेश की टीम ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

## राई और कुंडली में हादसे, दो की जान गई

### ड्यूटी के बाद बाइक पर घर लौट रहा राजेश, रास्ते में वाहन ने कुचला

**सोनीपत।** जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए दो भीषण सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। पहली घटना थाना राई क्षेत्र के अंतर्गत एचएसआईआईडीसी राई के सामने की है, जहां एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार सुरक्षा कर्मी की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव मुकीमपुर निवासी राजेश के रूप में हुई है। मृतक के पिता महेंद्र ने बताया कि उनका छोटा बेटा राजेश एचएसआईआईडीसी राई स्थित एक कंपनी में सुरक्षा कर्मी के तौर पर कार्यरत था। रोजाना की तरह राजेश अपनी बाइक पर ड्यूटी के लिए गया था, लेकिन ड्यूटी समाप्त होने के बाद देर शाम तक घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने जब राजेश के मोबाइल फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया तो उसका फोन बंद मिला, जिससे अनहोनी की आशंका गहराने लगी। परिजन उसकी तलाश में इधर-उधर भटके, तभी उन्हें सूचना मिली कि एक व्यक्ति का एक्सीडेंट हुआ है और उसका शव सोनीपत के सिविल अस्पताल में रखा गया है। सूचना मिलते ही महेंद्र अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ सिविल अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने शव की पहचान अपने बेटे राजेश के रूप में की।

### नाथूपुर के पास महिला की गई जान

दूसरी दर्दनाक घटना थाना कुंडली क्षेत्र के अंतर्गत एनएच-44 पर नाथूपुर के पास हुई, जहां अचानक ब्रेक लगाने से हुए हादसे में एक महिला की जान चली गई। सुमित ने पुलिस को बताया कि वह एक दवाइयों की कंपनी में एमआर के पद पर कार्यरत है और उसकी ड्यूटी कुंडली स्थित वेयर हाउस में थी। वह अपनी इको कार से कुंडली की ओर जा रहा था। सुमित ने बताया कि जब वह मुरथल पहुंचा तो उसकी मुलाकात अपने दोस्त ललित निवासी मुरथल से हुई। ललित की पत्नी मंजू उम्र करीब 35 वर्ष का मायका कुंडली में है और उसे वहां रिश्तेदारी में तेरहवीं की रस्म में शामिल होना था। ललित ने अपनी पत्नी मंजू को सुमित की इको कार में कुंडली जाने के लिए बैठा दिया। सुमित के अनुसार जब वे नाथूपुर के पास पहुंचे तो आगे चल रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे उनकी इको कार ट्रक में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में सुमित और मंजू दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को कार से बाहर निकाला और नरेला स्थित सत्यवादी हरीशचंद्र अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद मंजू को मृत घोषित कर दिया, जबकि सुमित का इलाज जारी रहा। घटना की सूचना कुंडली थाना पुलिस और मंजू के परिजनों को दी गई। कुंडली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सुमित के बयान के आधार पर ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## मेहनत से कमांडो बनी राज मिस्त्री की बेटी, ससुराल में बुझ गई जिंदगी



- परिजनों ने पति पर लगाया हत्या का आरोप
- सिर पर लोहे से डंबल पर वार किया

**गन्नौर।** बड़ी गांव के राज मिस्त्री राकेश ने मेहनत-मजदूरी कर जिस बेटी को अफसर बनने का सपना दिखाया था, वही बेटी ससुराल में मौत का शिकार हो गई। दिल्ली पुलिस की स्काट कमांडो काजल की हत्या के बाद गांव शोक में डूब गया। 27 वर्षीय काजल ने वर्ष 2022 में स्नातक की पढ़ाई पूरी की थी। पढ़ाई के दौरान उसकी पहचान गन्नौर निवासी अंकुर से हुई और 2023 में दोनों ने परिजनों की सहमति से शादी कर ली। शादी से पहले काजल का चयन दिल्ली पुलिस की स्काट कमांडो यूनिट में हो गया था, जबकि अंकुर रक्षा मंत्रालय में क्लर्क के पद पर कार्यरत था। दंपती का एक डेढ़ साल का मासूम बच्चा भी है। स्वजनों का आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ही काजल को कार और दहेज की मांग को लेकर पताड़ित किया जाने लगा। मारपीट और मानसिक दबाव से परेशान होकर काजल वर्ष 2024 में दिल्ली आकर रहने लगी, लेकिन वहां भी पति की प्रताड़ना जारी रही। 22 जनवरी को आरोप है कि अंकुर ने लोहे के डम्बल से काजल के सिर पर कई वार कर उसकी हत्या कर दी।

**पहली बस सुबह 6:30 बजे और दूसरी बस सुबह 7:40 बजे रवाना की**

# बागपत-मेरठ रूट पर दौड़ी रोडवेज की दूसरी बस अक्टूबर से यात्रियों की कम तादाद के कारण थी बंद

**विभिन्न रूटों पर चल रही रोडवेज की 211 बसें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

रोडवेज ने उत्तर प्रदेश के बागपत-मेरठ रूट पर यात्रियों की बढ़ती संख्या व सुविधा को देखते हुए एक और रोडवेज बस का परिचालन शुरू किया है। बागपत-मेरठ रूट पर एक और बस का परिचालन शुरू होने से यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिल सकेगी। इससे पहले विभाग ने ज्यादा कोहरा पड़ने के साथ उक्त रूट पर यात्रियों की संख्या कम होने के चलते अक्तूबर में दो में से एक बस का परिचालन बंद कर दिया था। इसका एक कारण नवंबर-दिसंबर माह में कर्मचारियों के ज्यादा अवकाश पर होना भी माना गया है। अधिकारियों की मानें तो यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सोनीपत से बागपत के रास्ते मेरठ रूट पर दूसरी बस का परिचालन शुरू किया गया है। इससे पहले दिवाली, भैयादूज व छठ पर्व के बाद सोनीपत-मेरठ रूट पर यात्रियों की संख्या कम हो गई थी। इसके बाद उक्त रूट पर केवल एक बस का परिचालन ही किया जा रहा था। इसके बाद कुछ यात्रियों ने सोनीपत से बागपत-मेरठ रूट पर एक और बस का परिचालन शुरू करने की मांग की थी। रोडवेज विभाग ने यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से पुनः उक्त रूट पर दूसरी बस का परिचालन शुरू कर दिया है।

अब सोनीपत से मेरठ पर पहली बस सुबह 6:30 बजे और दूसरी बस सुबह 7:40 बजे रवाना की जा रही है। जो सुबह 10 बजे मेरठ पहुंचकर अपना सफर पूरा करती है। वापसी में यही बस सुबह 10:20 बजे मेरठ से सोनीपत के लिए रवाना होकर दोपहर 1 बजे सोनीपत में अपनी यात्रा संपन्न करती है। इससे बागपत व मेरठ रूट पर आवागमन करने वाले यात्रियों को सुविधा मिलने लगी है।जिला से कुल 211 रोडवेज व 67 निजी बसों का परिचालन किया जा रहा है। इनमें 67 निजी बसें किलोमीटर के हिसाब से चलाई जा रही हैं।

सोनीपत रोडवेज डिपो की बात करें तो यहां से रोजाना विभिन्न रूट पर 155 बसों का परिचालन किया जा रहा है। इनमें 37 बसें निजी शामिल की गई हैं। सोनीपत की कुल 155 बसों पर 124 चालक व 147 परिचालक अपनी सेवाएं दे रहे हैं।



### बड़ौत, बागपत व बृजघाट रूट पर रोजाना दौड़ रहीं 10 बसें

सोनीपत बस अड्डे से रोजाना उत्तर प्रदेश के बड़ौत, बागपत, मेरठ व बृजघाट रूट पर कुल 10 बसों का परिचालन किया जा रहा है। जिला से काफी संख्या में यात्री इन रूटों पर बसों में सफर कर रोडवेज विभाग को आर्थिक लाभ पहुंचा रहे हैं। साथ ही यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिल रही है। अब मेरठ रूट पर अतिरिक्त दूसरी बस का परिचालन शुरू कर विभाग ने यात्रियों को सौगात दी है, ताकि वह आसानी से अपने गंतव्य तक पहुंच सकें।

# दहिसरा से लापता संजय का गर्दन कटा शव मिला

**दिल्ली सीमा से सटे गांव पल्ला के खेतों से बरामद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

- निफ्टम में हाउसकीपिंग कर्मचारी था, चार दिन से गायब था

दिल्ली की सीमा से सटे गांव दहिसरा से चार दिन पहले लापता हुए व्यक्ति की बेरहमी से हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। बुधवार शाम को उनका गर्दन कटा शव दिल्ली की सीमा में गांव पल्ला के खेत में एक ट्यूबवेल के पास मिला है। पुलिस ने इस मामले में हत्या की धारा जोड़ दी है। पुलिस हमलावरों का सुराग लगा रही है। मूलरूप से उत्तर प्रदेश के जिला बागपत के गांव टटीरी निवासी निवासी नीलम ने 26 जनवरी को कुंडली थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि वह अपने पति संजय (40) और परिजनों संग कुंडली क्षेत्र के गांव जाटी कलां में किराए पर रहती हैं।

उनके पति कुंडली स्थित निफ्टम संस्थान में हाउसकीपिंग कर्मचारी के रूप में कार्यरत थे। नीलम ने बताया था कि 24 जनवरी को संजय उनके मायके दिल्ली के गांव पल्ला गए थे। इसके एक दिन बाद वह दहिसरा गांव पहुंचे, जहां उनकी साली की बेटी रहती हैं। नीलम का आरोप है कि 25 जनवरी की सुबह करीब नौ बजे संजय अचानक लापता हो गए, जिसके बाद परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका।

### खेत में मिला क्षत-विक्षत शव

बुधवार शाम को दहिसरा-पल्ला मार्ग के समीप खेत में एक व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव मिलने की सूचना मिली। दिल्ली पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। जांच में पता लगा कि शव संजय का है। संजय का गला काटा गया था। सूचना मिलने पर नीलम देवी को भी मौके पर बुलाया गया, जिन्होंने शव की पहचान की। दिल्ली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है, जल्द ही खुलासा किया जाएगा।



स्पेशल
वर्ल्ड कैंसर डे
4 फरवरी

डॉक्टर्स एडवाइस
विवेक शुक्ला

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, कैंसर दुनिया भर में होने वाली मौतों का हृदय रोगों के बाद दूसरा सबसे बड़ा कारण है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज इंफॉर्मेटिक्स एंड रिसर्च, बेंगलुरु के अनुसार 13.9 लाख व्यक्ति सन 2020 में भारत में कैंसर से ग्रस्त थे और दुनिया भर में 7.5% कैंसर मरीज भारतीय हैं। ऐसे आंकड़े कैंसर को लेकर हमारी चिंता बढ़ाते हैं। लेकिन सुखद है कि नए रिसर्च के अनुसार इसे कंट्रोल करना और समय रहते पता चलने पर ट्रीटमेंट संभव है। कैंसर से जुड़ी बहुत यूजफुल इंफॉर्मेशंस यहां दे रहे हैं।

# अवेयरनेस-प्रिकॉशन से संभव है कैंसर से बचाव

अमेरिकन सोसायटी ऑफ क्लिनिकल ऑन्कोलॉजी के अनुसार, वे दिन अब बीत चुके हैं, जब कैंसर को मृत्यु की पूर्व-चेतावनी माना जाता था। ऐसा इसलिए है क्योंकि पिछले दो दशकों में कैंसर की जांच और उपचार के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है, जिसके कारण इससे छुटकारा पाने और पुनः स्वस्थ होने की संभावनाएं पहले की तुलना में काफी बढ़ गई हैं।

इसके बावजूद भारत के संदर्भ में आज भी विभिन्न प्रकार के कैंसर के तीसरे और चौथे चरण में पहुंचे अधिकांश मरीज असमय मृत्यु का शिकार हो रहे हैं। साथ ही, देश के ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में कैंसर से जुड़े अनेक मामले आज भी रिपोर्ट नहीं हो पाते। स्पष्ट है कि यह एक गंभीर समस्या है।

## कैंसर क्यों होता है

अमेरिकन कैंसर सोसायटी के अनुसार, कैंसर सामान्यतः कोशिकाओं के डीएनए में होने वाले म्यूटेशन के कारण होता है। डीएनए में मौजूद जीन कोशिकाओं को यह निर्देश देते हैं कि उन्हें कैसे बढ़ना है, कितनी बार विभाजित होना है और किस प्रकार कार्य करना है। जब डीएनए में कोई गड़बड़ी उत्पन्न हो जाती है, तो कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं, जो आगे चलकर कैंसर का कारण बनती हैं।


## लक्षणों पर दें ध्यान

जिस अंग में कैंसर होता है, उससे संबंधित लक्षण प्रकट होते हैं। उदाहरण के लिए, फेफड़ों के कैंसर में सांस लेने में तकलीफ हो सकती है, जबकि यकृत (लिवर) कैंसर में भूख न लगना और पाचन संबंधी समस्याएं होती हैं। हालांकि कुछ सामान्य लक्षण भी हो सकते हैं-


किसी घाव या जख्म का लंबे समय तक न भरना। बिना कारण वजन घटना (6 महीनों में 10% से अधिक)। त्वचा के भीतर गांठ महसूस होना, जो तेजी से बढ़ रही हो (ध्यान रखें, हर गांठ कैंसर नहीं होती है)। शरीर के किसी हिस्से में लगातार सूजन होना। खून की कमी (एनीमिया)। बार-बार बुखार आना। मल या मूत्र में रक्त आना। लंबे समय तक थकान या अस्वस्थता महसूस होना। मस्सों या तिलों के रंग, आकार या बनावट में बदलाव। भूख में लगातार कमी होना। इन लक्षणों के दिखने पर तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें।

## कैंसर के कारण

लगभग 10% कैंसर आनुवंशिक होते हैं, जबकि शेष 90% कैंसर अस्वास्थ्यकर जीवनशैली के कारण उत्पन्न होते हैं, जो जीन में म्यूटेशन का कारण बनती है। रिस्क फैक्टर्स में शामिल हैं- जंक फूड का सेवन अधिक करना। लंबे समय तक जंक और पैकेज्ड फूड का सेवन पेट व बड़ी आंत (कोलन) के कैंसर का खतरा बढ़ाता है, क्योंकि इनमें पोषक तत्व कम और वसा, नमक व तेल अधिक होते हैं। धूम्रपान से फेफड़ों में हानिकारक रसायन पहुंचते हैं, जो जीन में विकृति पैदा करते हैं। फेफड़ों के कैंसर का यह प्रमुख कारण है। किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन मुंह, जीभ, गाल और गले के कैंसर का खतरा बढ़ाता है। नियमित व्यायाम न करने से मोटापा बढ़ता है, जो स्तन, गर्भाशय और बड़ी आंत के कैंसर का कारण बन सकता है। बढ़ता वायु प्रदूषण, खासकर वाहनों से निकलने वाला धुआं, फेफड़ों के कैंसर का खतरा बढ़ाता है। अधिक और नियमित शराब सेवन कोशिकाओं की जेनेटिक संरचना को नुकसान पहुंचाता है और कैंसर के जोखिम को बढ़ाता है। ऐसे में स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर और नशे की आदतें छोड़कर कैंसर से काफी हद तक बचाव संभव है।







## उपचार के तरीके

पिछले कुछ वर्षों में कैंसर उपचार में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। पहले जहां चौथे चरण के कैंसर में औसत जीवन अवधि लगभग 6 महीने थी, वहीं अब यह 4–5 वर्ष या उससे अधिक हो सकती है। यदि कैंसर का पता पहले या दूसरे चरण में चल जाए, तो अधिकांश मामलों में पूर्ण उपचार संभव है। कई उपचार पद्धतियां कारगर हो सकती हैं। पहले की तुलना में कीमोथेरेपी में साइड इफेक्ट्स कम होते हैं। ह्यूमन जीनोम प्रोफाइलिंग और टारगेटेड थेरेपी और इम्यूनोथेरेपी, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को सक्रिय करता है, भी कारगर हैं।



## महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसर

भारत में महिलाओं में सबसे अधिक पाए जाने वाले कैंसरों में स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर, अंडाशय (ओवेरियन) कैंसर तथा गर्भाशय का कैंसर प्रमुख हैं। समय पर जांच और जागरूकता से इन कैंसरों की पहचान शुरुआती अवस्था में संभव है।

**स्तन कैंसर:** स्तन कैंसर के संभावित कारणों में देर से रजोनिवृत्ति (मेनोपॉज) होना, लंबे समय तक हार्मोनल गर्भनिरोधक गोलियों का सेवन कुछ मामलों में जोखिम बढ़ा सकता है, हार्मोनल असंतुलन, शारीरिक गतिविधि की कमी, मोटापा तथा कम अवधि तक स्तनपान कराना, बीआरसीए-1, बीआरसीए-2 तथा पी-53 जैसे जीन में उत्परिवर्तन (म्यूटेशन), शामिल हैं।

**प्रमुख लक्षण:** स्तन या बगल के पास कठोर गांठ, जो प्रायः दर्द रहित होती है। स्तन की त्वचा में लालिमा, मोटापन या सिकुड़न। निप्पल से तरल का स्राव, जिसमें कभी-कभी खून भी हो सकता है। निप्पल का अंदर की ओर धंसना या उसमें जलन। स्तन के आकार या बनावट में बदलाव

**रोकथाम:** चिकित्सक से परामर्श लेकर नियमित रूप से स्तन की स्व-परीक्षा करना, आवश्यकतानुसार मैमोग्राफी कराना, स्वस्थ जीवनशैली अपनाना और वजन नियंत्रित रखना, नियमित व्यायाम एवं प्राणायाम करना, अधिक समय तक स्तनपान कराने से स्तन कैंसर का जोखिम कम होता है।

**उपचार:** जांचों के बाद रोग की अवस्था के अनुसार कैंसर विशेषज्ञ सर्जरी, रेडिएशन थेरेपी, कीमोथेरेपी, हार्मोनल थेरेपी, टार्गेटेड थेरेपी अथवा इम्यूनोथेरेपी में से उपयुक्त उपचार का चयन करते हैं।

**सर्वाइकल कैंसर:** गर्भाशय के निचले हिस्से को गर्भाशय ग्रीवा कहा जाता है। इसी भाग से उत्पन्न होने वाले कैंसर को सर्वाइकल कैंसर कहा जाता है।

**कारण:** सर्वाइकल कैंसर का मुख्य कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) का लंबे समय तक शरीर में बना रहना है, जो यौन संपर्क के माध्यम से फैलता है।

**लक्षण:** माहवारी के बीच या बाद में असामान्य रक्तस्राव, शारीरिक संबंध के बाद रक्तस्राव या दर्द, रजोनिवृत्ति के बाद रक्तस्राव, पेशाब करते समय दर्द या जलन।

**उपचार:** प्रारंभिक अवस्था में सर्जरी या रेडिएशन थेरेपी की जाती है। उन्नत अवस्था में कीमोथेरेपी के साथ रेडिएशन थेरेपी दी जाती है।



**रोकथाम:** एचपीवी संक्रमण से बचाव के लिए टीके उपलब्ध हैं। कैंसर-पूर्व परिवर्तनों की पहचान हेतु पैप स्मीयर एवं एचपीवी टेस्ट किए जाते हैं। नियमित जांच से सर्वाइकल कैंसर का समय रहते पता लगाया जा सकता है।

**ओवेरियन कैंसर:** ओवेरियन कैंसर अंडाशय में होता है, जिसमें असामान्य गांठ या ट्यूमर विकसित हो सकता है, जो कई बार सिस्ट के रूप में दिखाई देता है।

**लक्षण:** पेट में सूजन या लगातार दर्द। भूख न लगना या जल्दी पेट भर जाना। पेट के निचले हिस्से में भारीपन। बार-बार पेशाब की इच्छा। कब्ज या पाचन संबंधी परेशानी।

**संभावित कारण:** कम उम्र में माहवारी का शुरू होना। देर से रजोनिवृत्ति होना, मोटापा, लगभग 10% मामलों में आनुवंशिक कारण, बीआरसीए-1 और बीआरसीए-2 जीन में उत्परिवर्तन होने पर जीवनकाल में ओवेरियन कैंसर का खतरा 40–50% तक बढ़ सकता है।

**बचाव:** जिन महिलाओं के परिवार में स्तन, ओवेरियन, कोलोन या पैंक्रियाज कैंसर का इतिहास हो, उन्हें विशेषज्ञ से परामर्श लेकर नियमित जांच करानी चाहिए। नियमित व्यायाम एवं वजन नियंत्रण से जोखिम कुछ हद तक कम किया जा सकता है।

**उपचार:** रोग की अवस्था के अनुसार सर्जरी, कीमोथेरेपी, हार्मोन थेरेपी, टार्गेटेड थेरेपी, इम्यूनोथेरेपी तथा कुछ मामलों में रेडियोथेरेपी का उपयोग किया जाता है।

**फेफड़ों का कैंसर:** विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, विभिन्न प्रकार के कैंसर से होने वाली कुल मौतों में फेफड़ों का कैंसर सबसे प्रमुख कारण है।

**कारण:** फेफड़ों के कैंसर का सबसे मुख्य कारण धूम्रपान और तंबाकू का सेवन है। इसके अतिरिक्त, जो लोग धूम्रपान करने वालों के संपर्क में रहते हैं, उन्हें भी कैंसर होने का खतरा रहता है। ऐसे व्यक्तियों को पैसिव स्मोकर कहा जाता है। इसके अलावा, लंबे समय तक प्रदूषित वातावरण, धुआं, धूल और वायु प्रदूषण के संपर्क में रहना भी फेफड़ों के कैंसर का कारण बन सकता है।

**लक्षण:** सांस लेने में तकलीफ, बार-बार खांसी आना, सीने में घरघराहट, सीने में दर्द, खांसी या थूक में खून आना।


**जांच:** छाती का एक्स-रे, सीटी स्कैन/ पैट-सीटी स्कैन, एमआरआई, रक्त एवं मूत्र परीक्षण, बायोप्सी, ब्रोंकोस्कोपी।

**उपचार:** फेफड़ों के कैंसर के उपचार के प्रमुख तरीके निम्नलिखित हैं। प्रारंभिक अवस्था में कैंसर का इलाज सर्जरी द्वारा संभव है। रेडिएशन थेरेपी में फोटॉन थेरेपी एवं प्रोटॉन थेरेपी शामिल हैं। उच्च ऊर्जा विकिरण द्वारा कैंसर कोशिकाओं को नष्ट किया जाता है। एक्सटर्नल बीम रेडिएशन थेरेपी से अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। जब कैंसर फेफड़ों से अन्य अंगों में फैल चुका हो, तब कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी एवं टार्गेटेड थेरेपी की आवश्यकता होती है।

**बचाव के उपाय:** प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने वाला संतुलित आहार लें। हरी सब्जियाँ, मौसमी फल और साबुत अनाज का सेवन करें। जंक फूड से बचें। धूम्रपान न करें। प्रदूषित वातावरण में मास्क का उपयोग करें।

**मुंह-गले का कैंसर:** मुंह और गले का कैंसर विश्व में होने वाले कैंसरों में छठे स्थान पर आता है। यह कैंसर मुंह से लेकर गले तक के किसी भी हिस्से में हो सकता है।

**लक्षण:** मुंह में घाव जो लंबे समय तक ठीक न हो, भोजन या पानी निगलने में कठिनाई, खाने में दर्द, दांतों का जीभ में लगना, आवाज में बदलाव, मुंह कम खुलना, जीभ बाहर निकालने में परेशानी, गले में दर्द या गांठ महसूस होना।



**कारण:** तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट और अत्यधिक शराब का सेवन इस कैंसर के मुख्य कारण हैं। पान, गुटखा और सुपारी के सेवन से मुंह में बार-बार छाले होना कैंसर के खतरे को बढ़ा देता है।

**उपचार:** यदि मुंह एवं गले के कैंसर का प्रारंभिक अवस्था में निदान हो जाए, तो बायोप्सी के बाद सर्जरी द्वारा इलाज संभव है। दूसरी या तीसरी अवस्था में कीमोथेरेपी और रेडिएशन थेरेपी दी जाती है। आधुनिक तकनीकों जैसे रोबोटिक सर्जरी, इम्यूनोथेरेपी और टार्गेटेड थेरेपी ने उपचार को अधिक सटीक और सफल बनाया है। *

**(डॉ. राजेश मिस्त्री, सीनियर डायरेक्टर (ग्रुप)-ऑन्कोलॉजी, कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई और डॉ. सभ्यता गुप्ता, चेयरपर्सन-डिपार्टमेंट ऑफ गायनेकोलॉजी, गायनी ऑन्कोलॉजी एंड रोबोटिक सर्जरी, मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम से बातचीत पर आधारित)**

---

सजेशन
डॉ. माजिद अलीम

# इन दिनों अगर बढ़ जाए गैस-एसिडिटी की समस्या

सर्दी के दिनों में ठंड लगने से, खाने के न पचने से पेट में गैस की समस्या बढ़ जाती है। इससे पेट में मरोड़ उठती है, कई बार दर्द असहनीय हो जाता है। वैसे कई लोगों के लिए तो यह हर मौसम की समस्या होती है। लेकिन सर्दी के दिनों में यह कुछ ज्यादा ही बढ़ जाती है, जिसकी वजह है बार-बार चाय-कॉफी पीना, पकौड़े खाना, टमाटर सूप में बटर डालकर पीना आदि। इन तमाम वजहों के अलावा लाइफस्टाइल से जुड़ी आदतों के कारण भी एसिडिटी और गैस की समस्या होती है। इससे बचने के लिए ये उपाय आजमा सकते हैं।

**लिक्विड:** सर्दी हो या गर्मी पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए क्योंकि पानी ही हमारी पाचनक्रिया को दुरुस्त रखता है। पानी हमें कब्ज से बचाता है और भोजन को वेस्ट में बदलता है। लेकिन भोजन के साथ पानी न पिएं। भोजन से 10 मिनट पहले और आधे घंटे बाद पानी पीना चाहिए। जिससे पेट में गैस नहीं बनती। पानी के अलावा प्रतिदिन ताजा जूस पिएं। पेट में गैस बनने की स्थिति में नीबू पानी पीना भी फायदेमंद होता है। कैफीनयुक्त ड्रिंक्स जैसे कोल्ड ड्रिंक, चाय, कॉफी ये सभी हमारी पाचनक्रिया पर बुरा असर डालते हैं और इनकी वजह से अपच की समस्या में इजाफा होता है। इन ड्रिंक्स की बजाय हर्बल टी, दूध या सादा पानी अपच की समस्या से काफी राहत दिलाता है।



**फाइबर्स:** रेशेदार भोज्य पदार्थ हमारी पाचनक्रिया को दुरुस्त करते हैं। मैदे की बजाय गेहूं की ब्रेड, ब्राउन राइस, ज्वार, बाजारा, मक्का, जौ, बींस, फल और सब्जियों को अपने नियमित आहार में शामिल करें।

**प्रो-बायोटिक्स:** प्रो-बायोटिक्स ऐसे प्राकृतिक बैक्टीरिया हैं जो हमारे शरीर में मौजूद होते हैं। आजकल बाजार में प्रो-बायोटिक्स दूध, ड्रिंक्स, दही और आइसक्रीम मिलती है, जिनके सेवन से अपच की समस्या को दूर किया जा सकता है।

**वसा:** पिज्जा, बर्गर के बजाय लो फैट फूड्स खाने से अपच से होने वाले दर्द से तो बच सकते हैं, साथ ही वजन बढ़ने की समस्या से भी निजात पा सकते हैं।

**मसाले:** ज्यादा मसालेयुक्त खाने से भी सीने में जलन और पेट में गैस होती है। अपच की समस्या होने पर इन्हें खाने से परहेज रखें।

**जीवनशैली:** इन दिनों वही भोजन करें, जो आसानी से पच जाए। अपने मेटाबॉलिज्म, आयु, वजन और काम की शैली के अनुरूप भोजन करना चाहिए ताकि आप फिट रह सकें। नियमित व्यायाम करें। *

---



डॉक्टर्स सजेशन
डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब सुबह के समय जोड़ों में हो दर्द

**मेरी उम्र 38 वर्ष है। सुबह सोकर उठने और देर तक बैठने के बाद उठने पर घुटनों और शरीर के अन्य जोड़ों में जकड़न महसूस होती है। कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**


**-अंकुर, रायपुर**

इस तरह की समस्या आपको सर्दियों में होती है या गर्मियों में भी, क्योंकि सर्दी के मौसम में हड्डियों संबंधी समस्या काफी देखी जाती है। आपको नियमित रूप में सुबह-शाम एक्सरसाइज शुरू कर देनी चाहिए। साथ ही एक बार आप कैल्शियम और विटामिन डी की जांच करवा लें और अगर कमी हो तो डॉक्टर से संपर्क कर इसकी दवा शुरू कर सकते हैं। पर आपको एक्सरसाइज जरूर करनी चाहिए।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। कुछ समय से मुझे जबड़े में अकड़न लगती है और यह पूरी तरह खुलता भी नहीं है। मैं कई वर्षों से स्मोकिंग करता हूं। कृपया बताएं, ये लक्षण किसी गंभीर बीमारी के संकेत तो नहीं हैं?**

**-कल्पेश, बिलासपुर**

आप स्वयं बता रहे हैं कि लंबे समय से स्मोकिंग कर रहे हैं, लेकिन आपने यह नहीं बताया क्या आप गुटखा भी खातें हैं? क्योंकि समान्य तौर पर स्मोकिंग का सीधा असर जबड़े पर नहीं पड़ता। लेकिन इसके लिए आपको एक बार डॉक्टर से जरूर संपर्क कर लेना चाहिए, क्योंकि जबड़ा ना खुलने का कारण पता लगने पर उसका ट्रीटमेंट शुरू हो सकेगा।



**मेरी उम्र 60 वर्ष है। मुझे भूख बहुत कम लगती है। कुछ भी खाने के बाद खट्टी डकारें आने लगती हैं। कभी-कभी पेट में दर्द भी होने लगता है। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए, कृपया समाधान बताएं।**

**-अमरेंद्र, महेंद्रगढ़**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लगता है कि आपका डाइजेस्टिव सिस्टम गड़बड़ है। यानी, खाना ठीक से पच नहीं रहा है। इस वजह से खट्टी डकार आती है, आप अपनी लाइफस्टाइल और खान-पान, पहले चेंज करिए। खाने में फाइबर जरूर शामिल करें। दोपहर में दही सलाद लें। और एक फल नियमित रूप से खाएं। रात में ज्यादा भारी खाना नहीं खाएं, हल्का खाना खाए और कोशिश करें कि सोने से 3 घंटे पहले डिनर कर ले। इस तरह चेंज करने से आपको आराम मिलेगा। साथ ही बाजार का तला भुना, ऑयली खाना फिलहाल बंद कर दें।

**मेरी उम्र 44 वर्ष है। मुझे सर्वाइकल की समस्या है। अकसर चक्कर आता है, कभी-कभी सिर दर्द भी होता है। कृपया बताइए, मुझे क्या करना चाहिए?**

**-शुभम, महासमुंद**

सर्वाइकल की समस्या का स्थाई इलाज नियमित एक्सरसाइज है। इसके लिए आपको फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क कर सर्वाइकल की एक्सरसाइज सीख लेना चाहिए। अगर बहुत ज्यादा दर्द हो रहा है तो डॉक्टर से संपर्क कर पेनकिलर ले सकते हैं, लेकिन इससे फौरी तौर पर आराम मिलेगा। अगर आपका लंबी सिटिंग वाला काम है तो आपको काम के दौरान बीच-बीच में थोड़ी बहुत सर्वाइकल एक्सरसाइज करते रहना चाहिए।

**मेरी उम्र 41 वर्ष है। कुछ दिनों से मुझे किसी भी खाने में स्वाद महसूस नहीं हो रहा है। इसीलिए डाइट बहुत कम हो गई है। इसकी क्या वजह हो सकती है और मुझे क्या करना चाहिए?**

**-संजय, कोरबा**

आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क कर अपनी जांच करा लेनी चाहिए, कई बार हल्का फीवर होता है जो महसूस नहीं होता, पर उसके लक्षण दिखते हैं। जैसा आप बता रहे हैं कि खाने का स्वाद नहीं आ रहा है, इसलिए आप किसी जनरल फिजिशियन से संपर्क कर जांच कराएं और जरूरत होने पर ट्रीटमेंट शुरू कराएं। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---

प्रिकॉशन
रेखा देशराज

ठंडी के मौसम में ही नहीं जाती हुई सर्दियों में भी बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। जरा सी लापरवाही से वे निमोनिया से ग्रस्त हो सकते हैं। इसके संक्रमण से बचाव कैसे संभव है, यहां डिटेल में बता रहे हैं।

# जरा सी लापरवाही से हो सकता है निमोनिया

निमोनिया फेफड़ों की एक ऐसी बीमारी है, जिससे विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक हर साल 6.5 करोड़ से ज्यादा लोग प्रभावित होते हैं। 25 लाख लोगों की मौत हो जाती है, जिनमें लगभग 07 लाख बच्चे होते हैं। भारत में यह स्थिति इसलिए चिंताजनक है, क्योंकि पांच साल से कम उम्र के हजारों बच्चे हर साल इसकी वजह से असमय मौत का शिकार हो जाते हैं। निमोनिया एक ऐसी बीमारी है, जो सजगता से रोकी जा सकती है। बावजूद इसके यह दशकों से दुनिया के लिए गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। हर साल 50 लाख से अधिक बच्चों की मौत होती है, जिनमें से 15 प्रतिशत बच्चे निमोनिया के कारण असमय मौत के मुंह में समा जाते हैं। निमोनिया से मरने वाले ज्यादातर बच्चे निम्न और मध्यम आय वाले देशों जैसे- भारत, पाकिस्तान, नाइजीरिया और कांगो के होते हैं।

**क्या है निमोनिया:** निमोनिया, फेफड़ों का संक्रमण है, जिसमें फेफड़ों के एल्वियोली यानी वायु कोषों में पस या द्रव भर जाता है, जिसके कारण शरीर को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिलती। निमोनिया का यह संक्रमण बैक्टीरिया, वायरस या फंगस से हो सकता है। सबसे सामान्य कारण स्ट्रेप्टोकोकस न्यूमोनिया नामक बैक्टीरिया है। बच्चों में यह रेस्पिरेटरी सिंकाइटियल वायरस (आरएसवी) या इंफ्लूएंजा वायरस के कारण भी हो जाता है।

हमारे देश में यह दूसरे देशों के मुकाबले चिंता का कारण ज्यादा है, क्योंकि भारत में वायु प्रदूषण की स्थिति बेहद खराब है। इसके अलावा कुपोषण तथा धुएं के कारण भी निमोनिया होने की आशंका बढ़ जाती है। अमेरिका और यूरोप जैसे देशों में बूढ़े या पहले से बीमार, डायबिटीज या हृदय रोगी ही आमतौर पर निमोनिया से प्रभावित होते हैं।



**जागरूकता है जरूरी:** निमोनिया से बचाव जागरूकता से संभव है। वैक्सीन, स्वच्छ पर्यावरण, पौष्टिक खान-पान और जनजागरूकता की बदौलत इससे आसानी से लड़ा जा सकता है। अगर बच्चों और बुजुर्गों की सजगता से देख-रेख की जाए तो उन्हें निमोनिया से बचाना आसान है।

**निमोनिया के प्रारंभिक लक्षण:** इसके लक्षण अकसर सर्दी या बुखार के रूप में सामने आते हैं। लेकिन अगर ध्यान न दिया गया तो यह धीरे-धीरे गंभीर होने लगते हैं। निमोनिया के सामान्य लक्षण इस प्रकार है-

- तेज बुखार, साथ में कंपकंपी।
- खांसी, जो कभी-कभी कफ या पस के साथ भी आती है।
- सांस लेने में धीरे-धीरे तकलीफ होनी शुरू होती है और फिर तेज-तेज सांसें आने लगती हैं।
- छाती में लगातार दर्द या भारीपन बना रहता है।
- थकान, कमजोरी महसूस होना।
- बच्चों में नाक फड़कना, पसीना आना, दूध या खाना छोड़ देना। बुजुर्गों में यह भ्रम और मानसिक सुस्ती का कारण बनती है।

**बचने के उपाय:** निमोनिया एक गंभीर बीमारी है। लेकिन इससे कुछ उपायों से बचा जा सकता है-

- टीकाकरण बच्चों को निमोनिया से बचाता है। इसी तरह इंफ्लूएंजा वैक्सीन से बुजुर्गों की सेहत सुरक्षित रहती है।
- घर में धुआंरहित चूल्हों का इस्तेमाल किया जाए, प्रदूषण से बचा जाए, धूम्रपान से दूरी बनाई जाए और बच्चों को स्वच्छ तथा खुले वातावरण में रखा जाए, तो निमोनिया से बचाव संभव है।
- पर्याप्त पोषण जरूरी है। छोटे बच्चों को मांएं स्तनपान जरूर कराएं, वह बच्चों को निमोनिया से बचाव के लिए प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करता है। विटामिन-ए, सी और डी की कमी से बचना चाहिए।
- निमोनिया के शुरूआती लक्षणों पर डॉक्टर से तुरंत संपर्क करना चाहिए तथा उचित एंटीबायोटिक या एंटीवायरल इलाज शुरू कर देना चाहिए। *

## खबर संक्षेप

### सभी पार्टियां नियुक्त करें अपना बीएलए: नगराधीश

**सोनीपत।** नगराधीश डॉ. अनमोल ने कहा कि मतदाता सूची को पारदर्शी, सटीक, समावेशी तथा त्रुटिरहित बनाने के लिए बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की अहम भूमिका होती है, इसलिए सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक पार्टियां अपना बीएलए तुरंत नियुक्त करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बीएलए राजनैतिक पार्टियों द्वारा नियुक्त किए जाते हैं ताकि मतदाता सूची की तैयारी और संशोधन में पारदर्शिता बनी रहे। यह जमीनी स्तर पर राजनैतिक पार्टियों की भागीदारी सूनिश्चित करता है।

बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति को लेकर डॉ. अनमोल ने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक पार्टियों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

### प्राथमिकता के आधार पर बनवाएं किसान आईडी

**खरखौदा।** भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सैदपुर ने कहा है कि किसान सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। यह तभी संभव है जब वे अपनी किसान आई डी बनवा लेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के उत्थान और कृषि क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर काम कर रही है। माना कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, सिंचाई योजनाएँ और मृदा स्वास्थ्य कार्ड जैसी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचना चाहिए।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में तन्वी ने मारी बाजी

**खरखौदा।** थाना कलां गांव रोड स्थित ओम साईं राम क्लासेज में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन स्टेट टीचर अवार्डी जगभगवान के नेतृत्व में किया गया। जिसमें में 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया। घोषित परिणाम के अनुसार प्रथम स्थान तन्वी, द्वितीय स्थान तनिष्क तथा तृतीय स्थान चिराग ने प्राप्त किया। पांचाल समाज सेवा संघ खरखौदा के अध्यक्ष सोमबीर ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया एवं उनका हौसला बढ़ाया।

### भाषण प्रतियोगिता में आर्या दहिया रही द्वितीय

**सोनीपत।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय में विजेता छात्रा को सम्मानित किया गया। आईटीआई सोनीपत द्वारा आयोजित जिला स्तर के युवा कार्यक्रमों के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई जा रही हैं। इन्हीं कार्यक्रमों में महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग की छात्रा आर्या दहिया ने भाषण प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। टीकाराम सोसाइटी के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया और प्राचार्य गीता ने छात्रा को बधाई देते उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सड़क पर अवैध कब्जे से राहगीर परेशान

**गन्नौर।** राजकीय महाविद्यालय की दीवार के साथ सड़क पर अवैध रूप से बिल्डिंग मैटीरियल डालकर कब्जा किए जाने से विद्यार्थियों व राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के अधिकांश हिस्से पर निर्माण सामग्री पड़े होने से आवागमन बाधित हो गया है, वहीं लाखों से बनी कॉलेज की दीवार पर भी खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार किसी ठेकेदार द्वारा सड़क किनारे भारी मात्रा में निर्माण सामग्री डाल दी गई है। इससे सड़क संकरी हो गई है और दोपहिया व चारपहिया वाहनों को निकलने में दिक्कत हो रही है।

### स्वदेशी लहर के प्रणेता थे लाला लाजपत राय : दांगी

**गोहाना।** आजाद हिंद मोर्चा द्वारा बुधवार को शहर में जींद मार्ग स्थित जवाहरलाल नेहरू पार्क में लाला लाजपत राय की 161वीं जयंती मनाई । समारोह में लाला लाजपत राय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। मुख्य वक्ता मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा लाला लाजपत राय स्वदेशी लहर के प्रणेता व महान स्वतंत्रता सेनानी थे। उनका जन्म 28 जनवरी 1865 अविभाजित भारत लाहौर में हुआ। इस अवसर पर विकास मान, सुभाष शर्मा, विकास धीमान,जय भगवान नागर, अंकित कश्यप, विक्की बजाज आदि मौजूद रहे।

---

### नगर निगम ने वार्ड नंबर 01 और 14-15 में लगाया शिविर

# पेयजल-सीवर कनेक्शन वैध करवाने के लिए 71 ने जमा करवाए दस्तावेज

**विभिन्न वार्डों में वैध पर भारी पड़ रहा अवैध कनेक्शन का आकड़ा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

शहर में नगर निगम के अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों में पेयजल व सीवर कनेक्शन को वैध कराने की प्रक्रिया बुधवार को शुरू की गई। नगर निगम ने चार दिवसीय अभियान रूपी पहल के प्रथम दिन वार्ड नंबर 1 की सैनी धर्मशाला और वार्ड नंबर 14 व 15 में गुड़ मंडी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में विशेष शिविर लगाया। शिविर में लोगों के पेयजल व सीवर कनेक्शन वैध कराने के लिए दस्तावेज जमा किए गए। दोनों जगह शिविर के माध्यम से कुल 71 लोगों ने अपने दस्तावेज जमा करवाए, जबकि 9 लोगों के दस्तावेज अधूरे पाए जाने पर उन्हें दोबारा पूरे दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचने का मौका दिया गया। निगम के विभिन्न वार्डों में अवैध कनेक्शनों का आकड़ा वैध कनेक्शनों पर भारी पड़ रहा है।



सोनीपत। गुड़ मंडी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में शिविर के दौरान लोगों के दस्तावेजों की जांच करते नगर निगम कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

अधिकारियों की मानें तो निगम क्षेत्र में वैध कनेक्शन की संख्या करीब 53000 है, जबकि अवैध कनेक्शनों का आकड़ा 70000 के पार है। इनमें अवैध कनेक्शनों की संख्या ज्यादा नगर निगम के पश्चिम क्षेत्र रेलवे लाइन पार में है। ऐसे में लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं नगर निगम ने लोगों को अपने पेयजल व सीवर कनेक्शन वैध करवाने के लिए सुनहरा अवसर दिया है। अगर फिर भी लोग मामले में लापरवाही बरतते हैं तो शिविर के बाद ऐसे लोगों के कनेक्शन काटने की कार्यवाही शुरू की जाएगी। फिलहाल शिविर के माध्यम से लोग 1550 रुपये खर्च कर अपने कनेक्शनों को वैध की श्रेणी में शामिल कर सकते हैं। निगम ने पेयजल कनेक्शन वैध करवाने के लिए 1050 रुपये व सीवर कनेक्शन वैध करवाने के लिए 500 रुपये शुल्क तय किया है।

#### अधूरे दस्तावेज होने से 9 को लौटना पड़ा वापस

विशेष शिविर के पहले दिन वार्ड नंबर 1 की सैनी धर्मशाला में निगम अधिकारियों व कर्मचारियों को कुल 70 लोगों के आवेदन प्राप्त हुए। कर्मियों ने इन लोगों के दस्तावेज जमा करवाकर जल्द उनके कनेक्शनों को वैध करवाने का आश्वासन दिया। वहीं वार्ड नंबर 14 व 15 में गुड़ मंडी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में लगाए गए विशेष शिविर में कुल 10 लोग अपने दस्तावेज जमा करवाने पहुंचे। इस दौरान कर्मचारियों को केवल एक व्यक्ति के दस्तावेज पूरे मिले, अन्य 9 लोगों को जल्द दस्तावेज पूरे करवाकर जमा करवाने की बात कही गई। निगम की ओर से 31 जनवरी तक चलने वाले इस अभियान के अंतर्गत 29 जनवरी वीरवार को वार्ड नंबर 2 में बीज मार्केट के पास धानक चौपाल, वार्ड नंबर 16 व 17 में सूरी पैट्रोल पंप के पास सर्वजातीय चौपाल में शिविर लगाया जाएगा।

#### वैध कनेक्शन के लिए आवश्यक दस्तावेज

- घर की रजिस्ट्री
- प्रॉपर्टी आईडी बिल
- पानी का मीटर (जीएसटी बिल सहित)
- पानी के मीटर की फोटो
- आधार कार्ड की प्रति
- एक पासपोर्ट साइज फोटो

#### योजना का लाभ अवश्य उठाएं

नगर निगम क्षेत्र में काफी संख्या में पेयजल व सीवर के अवैध कनेक्शन है। फिलहाल विशेष शिविर लगाकर लोगों को अपने कनेक्शन वैध करवाने का मौका दिया गया है। अगर इस अवसर के बाद भी कोई व्यक्ति लापरवाही के चलते अपने पेयजल व सीवर संबंधी कनेक्शन वैध नहीं करवाता है तो शिविर के पश्चात ऐसे लोगों के कनेक्शन काटने की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। लोगों से अपील है कि वह नगर निगम की इस योजना का लाभ अवश्य उठाएं।

- हर्षित कुमार, आयुक्त, नगर निगम

---

# भजन गायिका सुनीता के भजनों पर झूमा सभागार




सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देती भजन गायिका सुनिता दुआ सहगल।

- जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में 'लोक स्वर' उत्सव का हुआ भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जीवीएम गर्ल्स कालेज के इंद्रधनुष सभागार में बुधवार को उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज एवं जीवीएम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय 'लोक स्वर' उत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। उत्सव के पहले दिन भजन गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भजन गायिका सुनीता दुआ सहगल की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभागार को भक्ति एवं आस्था के रंग में रंग दिया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने भजन गायिका का अभिनंदन करते हुए कहा कि कार्यक्रम अविस्मरणीय रहा।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के कार्यक्रम अधिकारी अजय गुप्ता उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्रधान डा. ओ.पी. परूथी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अजय गुप्ता, संस्था प्रधान डॉ. ओ.पी. परूथी एवं प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। भजन गायिका सुनीता दुआ सहगल ने गणेश वंदना से भजनों की प्रस्तुति की शुरुआत की। इसके पश्चात 'नगरी हो अयोध्या सी', 'शिव तांडव' स्तोत्र एवं शिव भजनों की ओजस्वी प्रस्तुति दी।

#### राजबाला आज देंगी प्रस्तुति

भजन गायन कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि अजय गुप्ता ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन युवा पीढ़ी को अपनी परंपराओं एवं लोक विरासत से जोडने का सशक्त माध्यम हैं तथा छात्राओं के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. ओ.पी. परूथी ने भजन गायन कार्यक्रम को समय की आवश्यकता बताया। कार्यक्रम के संयोजक ने बताया कि उत्सव के दूसरे दिन गुरुवार को हरियाणवी लोक संस्कृति की प्रस्तुतियां होंगी। 29 को लोक कलाकार इंद्र सिंह लांबा, निशा जांगड़ा एवं राजबाला टीम के साथ रागिनी गायन प्रस्तुत करेंगे।

---

# काम करने के संवैधानिक अधिकार को सुनिश्चित करता है मनरेगा : सुरेंद्र पंवार

- पूर्व विधायक ने मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत कार्यक्रमों में की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सोनीपत से पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि मनरेगा आपके काम करने के संवैधानिक अधिकार सुनिश्चित करता है। लेकिन बीजेपी इसमें बदलाव करके आपके इस अधिकार को छीनने की कौशिश कर रही है। पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के अध्यक्ष संजीव दहिया के साथ गांव ठरू, सांदल कलां, माहरा सहित अन्य गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत करने के उपरांत ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। सोनीपत से पूर्व विधायक सुरेंद्र पवार ने कहा कि पहले हर परिवार को न्यूनतम 100 दिनों तक काम की कानूनी गारंटी मिलती थी, लेकिन अब कोई कानूनी गारंटी नहीं रहेगी। हर गांव में काम की कानूनी गारंटी मिलती थी, लेकिन अब चुनिंदा गांवों तक यह सीमित हो जाएगी।



सोनीपत। मनरेगा के लिये लोगों को पर्चे वितरित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजीव दहिया व पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार। फोटो : हरिभूमि

### गाड़ी की चपेट में आने से बाइक चालक घायल

**गन्नौर।** गन्नौर-सोनीपत रोड पर रजवाहा पुलिया के पास तेज रफ्तार वैगनार कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार तीन लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप घायल हो गए। एक युवक को गंभीर चोटें आई हैं, जिससे पीजीआई खानपुर कलां रेफर किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना गन्नौर पुलिस को दी शिकायत में फारूख निवासी थर्रा ने बताया कि 25 जनवरी को उसका दोस्त राजेश निवासी फाजिलपुर बाइक पर उसे गन्नौर चलने के लिए घर से लेकर गया था। रास्ते में बोन कंपनी के पास राजेश का एक अन्य दोस्त भी उनके साथ बैठ गया। तीनों एक ही बाइक पर गन्नौर की ओर जा रहे थे। जब वे गन्नौर-सोनीपत रोड पर रजवाहा पुलिया के पास पहुंचे, तभी गन्नौर की तरफ से आ रही वैगनार के चालक ने बाइक को साइड से टक्कर मार दी।

# नगर निगम चुनाव : कांग्रेस का शंखनाद 5 फरवरी तक जमा करने होंगे आवेदन

- सिफारिश नहीं, काबिलियत चलेगी, स्क्रीनिंग कमेटी लेगी उम्मीदवारों का इंटरव्यू : कमल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

नगर निगम चुनाव 2026 की आहट के साथ ही जिले का सियासी पारा चढ़ गया है। कांग्रेस ने इस बार सत्ता विरोधी लहर को भुनाने और नगर सरकार पर कब्जा करने के लिए अपनी बिसात बिछानी शुरू कर दी है। कांग्रेस शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने एलान किया है कि पार्टी इस बार फूंक-फूंक कर कदम रख रही है और उम्मीदवारों का चयन पूरी तरह लोकतांत्रिक और पारदर्शी तरीके से किया जाएगा। कमल दिवान ने बताया कि नगर निगम के 22 वार्डों के लिए पार्षद पद के इच्छुक उम्मीदवार बायोडाटा 5 फरवरी तक शाम 5 बजे तक कांग्रेस भवन में जमा करवा सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि इस बार केवल कागजी दावेदारी नहीं चलेगी, बल्कि पार्टी की विशेष कमेटी हर उम्मीदवार का इंटरव्यू लेगी, ताकि केवल कर्मठ व विजेता उम्मीदवारों को ही मैदान में उतारा जाए। मार्च 2025 के उपचुनाव में मिली हार से सबक लेते पार्टी इस बार गुटबाजी को किनारे कर एकजुटता के साथ उतरने वाली है।

#### ईमानदार सरकार देने का लक्ष्य



हमारा लक्ष्य सोनीपत की जनता को एक ईमानदार और जवाबदेह नगर सरकार देना है। 5 फरवरी तक आने वाले आवेदनों की सूक्ष्मता से जांच होगी और बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले कार्यकर्ताओं को ही जंग में उतारा जाएगा।

- कमल दिवान, शहरी जिला अध्यक्ष, कांग्रेस सोनीपत

---



#### तेवड़ी में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**गन्नौर।** राजकीय वमावि तेवड़ी में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी हुक्म सिंह मलिक के परिवार द्वारा किया, जिसमें कक्षा प्रथम से कक्षा बारहवीं तक के उन विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह व उपहार देकर सम्मानित किया गया, जिन्होंने पिछले शैक्षणिक वर्ष में अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया था। कार्यक्रम को संबोधित करते आकाश मलिक ने कहा कि हम सभी को मिलकर भारत को विश्व गुरु बनाने के साथ-साथ देश को आर्थिक रूप से मजबूत करने का संकल्प लेना चाहिए। इसके लिए हमें स्वदेशी उत्पादों को अपनाना होगा। विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने और लक्ष्य पर केंद्रित रहकर कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जयभगवान ने हुक्म सिंह मलिक एवं आकाश मलिक का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

# तहसील कार्यालय में भ्रष्टाचार के विरोध में आप कार्यकताओं का जमकर प्रदर्शन

- इंतकाल व रजिस्ट्री प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए मार्गदर्शक बोर्ड लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

तहसील कार्यालय में कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने जोरदार धरना प्रदर्शन और रोष मार्च निकालते हुए उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व लोकसभा सचिव राजेश सरोहा और विधानसभा अध्यक्ष योगेश पाल ने किया, जबकि इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रणवीर छिक्कारा और प्रत्याशी चयन समिति के अध्यक्ष विमल किशोर ने की। इस दौरान तहसील कार्यालय में रजिस्ट्री और इंतकाल प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने की मांग उठाई गई। ज्ञापन में आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि तहसील कार्यालय में इंतकाल के नाम पर, डिक्री रजिस्टर्ड न होने, रजिस्ट्री का पुराना रिकॉर्ड मांगने, टुकड़ों में रजिस्ट्री न होने, दूसरे राज्य की जीपीए पर रोक, वारसान की रिपोर्ट न मानने और कोर्ट से डिक्लेरेशन की शर्तें लगाकर लोगों को बेवजह परेशान किया जा रहा है।




सोनीपत। विरोध प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

#### साकार हो रहा आत्मनिर्भर भारत का सपना : बड़ौली

**गोहाना।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पं. मोहन लाल बड़ौली ने बुधवार को गांव मातंड में महिला चौपाल और ब्राह्मण चौपाल का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष ने गांव में जनसभा को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में आत्मनिर्भर और सशक्त भारत का सपना साकार हो रहा है। सरकार बिना किसी भेदभाव के प्रदेश का विकास करवा रही है। मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि चौपालें ग्रामीण समाज की रीढ़ होती हैं, जहां संवाद, विचार-विमर्श और सामाजिक एकता को बढ़ावा मिलता है। ये चौपालें संवाद और निर्णय का केंद्र बनने के साथ गांव के सामूहिक विकास, जनसहभागिता और सामाजिक एकता का प्रतीक भी होगी। उन्होंने कहा कि इन चौपालों का उपयोग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अन्य सामाजिक आयोजनों के लिए किया जा सकेगा तथा आपसी सहयोग की भावना और भी प्रबल होगी।



गोहाना। चौपाल का उद्घाटन करते प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली। फोटो : हरिभूमि

---

### जिला शिक्षा विभाग ने तिथि में किया बदलाव, अब 29 जनवरी के बजाय 4 फरवरी को होंगी प्रतियोगिताएं

# पीएमश्री राजकीय स्कूलों के विद्यार्थी स्पोर्ट्स-डे मनाकर खेलों में प्रदर्शित करेंगे प्रतिभा

**विद्यार्थी विभिन्न 8 खेल गतिविधियों में लेंगे भाग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

पीएमश्री राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थी स्पोर्ट्स डे मनाकर खेलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करेंगे। शिक्षा विभाग का उद्देश्य राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना है। इसी के तहत विभाग पीएमश्री राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए स्पोर्ट्स डे मनाया। विभाग ने स्पोर्ट्स डे की तिथि में बदलाव किया है, अब 29 जनवरी के बजाय 4 फरवरी को विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। विद्यालय स्तर के बाद जिलास्तरीय 8 विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थी अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करेंगे। समग्र शिक्षा विभाग की परियोजना के तहत विद्यार्थियों के लिए सेक्टर-4 स्थित राजीव गांधी खेल स्टेडियम में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। विभाग की ओर से जिले में संचालित 11 पीएमश्री राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ही इन प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेंगे। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से खिलाड़ियों का राज्यस्तर के लिए चयन किया जाएगा, ताकि वह राज्यस्तर पर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर सकें। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद ने प्रदेशभर के 250 पीएमश्री रा. विद्यालयों के विद्यार्थियों के जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिए 22 लाख की बजट भी जारी किया है। इसमें हर जिले के पीएमश्री राजकीय विद्यालयों के लिए 1-1 लाख का बजट दिया गया है।




सोनीपत। सोनीपत के सेक्टर-4 स्थित राजीव गांधी खेल स्टेडियम।

#### जिलास्तरीय खेलों के लिए चयनित खिलाड़ी

| प्रतियोगिता | कक्षा छठी से आठवीं | कक्षा 9वीं से 12वीं | कुल |
|---|---|---|---|
| 100 मीटर दौड़ | 1 छात्र व 1 छात्रा | 1 छात्र व 1 छात्रा | 4 खिलाड़ी |
| 200 मीटर दौड़ | 1 छात्र व 1 छात्रा | 1 छात्र व 1 छात्रा | 4 खिलाड़ी |
| 400 मीटर दौड़ | 1 छात्र व 1 छात्रा | 1 छात्र व 1 छात्रा | 4 खिलाड़ी |
| लंबी कूद | 1 छात्र व 1 छात्रा | 1 छात्र व 1 छात्रा | 4 खिलाड़ी |
| ऊंची कूद | 1 छात्र व 1 छात्रा | 1 छात्र व 1 छात्रा | 4 खिलाड़ी |
| गोला फेंक | 1 छात्र व 1 छात्रा | 1 छात्र व 1 छात्रा | 4 खिलाड़ी |
| डिस्कस थ्रो | 1 छात्र व 1 छात्रा | 1 छात्र व 1 छात्रा | 4 खिलाड़ी |
| रिले दौड़ 4100 मी. | 4 छात्र व 4 छात्रा | 4 छात्र व 4 छात्रा | 16 खिलाड़ी |

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद का उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित करना है। सोनीपत के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का परचम लहराया है। 4 फरवरी को मनाए जाने वाले स्पोर्ट्स डे में सभी पीएमश्री राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थी भाग लेकर अपनी प्रतिभा को उजागर करेंगे। इससे खेलों को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही विद्यार्थी को अपनी प्रतिभा उजागर करने का अवसर प्राप्त होगा।

- कृष्णा खत्री, जिला परियोजना संयोजक, सोनीपत

#### विद्यार्थी खेलों से बना सकेंगे अपनी पहचान

जिला सहायक परियोजना संयोजक अमित भनवाला ने बताया कि वर्तमान में रा विद्यालयों के छात्र भी राज्यस्तर व राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में भी जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। इसी उद्देश्य के साथ विभाग ने पीएमश्री राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित करने का निर्णय लिया है। विद्यालयों में प्रतियोगिताओं के माध्यम से चयनित खिलाड़ी अब जिलास्तर पर भाग लेंगे। इसके बाद विजेताओं का राज्यस्तर के लिए चयन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### गाड़ी चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना शहर सोनीपत की पुलिस ने दुकान से गाड़ी चोरी करने की घटना में संलिप्त एक आरोपित को गिरफ्तार कर चोरीशुदा गाड़ी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान अंकित उर्फ विक्की निवासी कंसाला जिला रोहतक हाल शास्त्री कॉलोनी, सोनीपत के रूप में हुई है। इस मामले में सुनील निवासी गांव भटगांव जिला सोनीपत ने 12 जनवरी 2026 को थाना शहर सोनीपत में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी घी और दूध की दुकान गली नंबर तीन शास्त्री कॉलोनी में है। शाम करीब सवा पांच बजे आरोपित दुकान पर आया और वहां से गाड़ी की चाबी उठाकर उसकी गाड़ी चोरी कर ले गया।

### इनेलो की बैठक एक फरवरी को खरखौदा में

**खरखौदा।** पार्टी संगठन को मजबूत करने व इनेलो की नीतियों का प्रचार गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए कार्यकताओं ने कमर कस ली है। हलका अध्यक्ष बलवान सिंह नंबरदार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए एक फरवरी को खरखौदा के विश्राम गृह में बैठक बुलाई गई है।

### चाइल्ड केयर स्कूल में वार्षिक समारोह 1 को

**गन्नौर।** चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में 1 फरवरी को वार्षिक समारोह "परिवर्तन-2026" का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन, स्टाफ व विद्यार्थियों द्वारा समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। स्कूल के निदेशक अजय यादव ने बताया कि कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कृति और प्रतिभा का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। समारोह के मुख्य अतिथि गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान होंगे, जो विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करेंगे। समारोह के दौरान छात्र-छात्राएं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नृत्य, नाटक और संगीत के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

## 3 करोड़ की लागत से तैयार किया जा रहा भवन

# बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में 11 साल बाद मिलेगी ईएसआई डिस्पेंसरी की सौगात

1. विभाग ने बिजली संबंधी कार्यों को पूरा करवाने के लिए मुख्यालय से की बजट की मांग
2. वर्ष 2014 में हुई थी जमीन आवंटित, मई 2024 में टेंडर प्रक्रिया के बाद शुरू करवाया गया था काम
3. एचएसआईआईडीसी, पंचकूला से पास करवाया गया नक्शा, करीब 12 हजार कामगारों को मिलेगा लाभ

रविंद्र ठाकुर ▶▶| सोनीपत

बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में करीब 11 साल बाद यहां कार्यरत कामगारों को ईएसआई डिस्पेंसरी की सौगात मिलेगी। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) ने यहां 1500 मीटर जमीन पर 3 करोड़ रुपये की लागत से दो मंजिला ईएसआई डिस्पेंसरी भवन का निर्माण किया है। भवन में फिलहाल बिजली संबंधी कुछ कार्य शेष बचे हैं, इन्हें पूरा करवाने के लिए मुख्यालय से बजट की मांग की गई है। विभाग ने फरवरी माह तक शेष कार्यों को पूरा करवाने का लक्ष्य रखा है। फिलहाल बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में किराये के 5 कमरों के अस्थाई भवन में ईएसआई डिस्पेंसरी चल रही है। हरियाणा राज्य औद्योगिक और बुनियादी ढांचा विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) ने बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में ईएसआई के भवन निर्माण के लिए वर्ष 2014 में केंद्रीय लोक निर्माण विभाग को जमीन आवंटित की थी।



**सोनीपत।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में तैयार किया गया ईएसआई डिस्पेंसरी का नया भवन। फोटो : हरिभूमि

### निर्माण कार्य अंतिम चरण में

लंबे इंतजार के बाद विभाग ने मई 2024 में डिस्पेंसरी के निर्माण के लिए टेंडर अलॉट किया था। नवंबर 2024 में नक्शे को मंजूरी मिलने के बाद ठेकेदार ने निर्माण कार्य शुरू किया था। अब ईएसआई डिस्पेंसरी के भवन निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है। अधिकारियों का दावा है कि ईएसआई भवन में बचे शेष कार्य जल्द पूरा करने के बाद भवन में केंद्रीय ईएसआई विभाग के सुपुर्द कर दिया जाएगा। इसके बाद भवन की जिम्मेदारी राज्य ईएसआई विभाग को मिल सकती है।

केंद्रीय लोक निर्माण विभाग की ओर से बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में ईएसआई डिस्पेंसरी भवन का निर्माण पूरा हो चुका है। कुछ बिजली संबंधी कार्य शेष बचे हैं, इन्हें जल्द पूरा कर लिया जाएगा। विभाग ने फरवरी तक शेष कार्य को पूरा करवाने का लक्ष्य रखा है। डिस्पेंसरी के नए भवन का निर्माण होने के बाद इसे संबंधी विभाग को सौंप दिया जाएगा।
*-सतपाल सिंह, कार्यकारी अभियंता, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग*

### स्वास्थ्य सुविधाओं का मिलेगा लाभ

डिस्पेंसरी का भवन निर्माण पूर्ण होने के बाद बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों व मजदूरों के लिए यह स्वास्थ्य संबंधी बड़ी सौगात होगी। यहां कार्यरत करीब 10 हजार ईएसआई कार्ड धारकों सहित 12 हजार कार्यरत श्रमिकों व उनके परिजनों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। फिलहाल औद्योगिक क्षेत्र में किराए के 5 कमरों के एक भवन में अस्थाई तौर पर ईएसआई केंद्र का संचालन किया जा रहा है, जबकि ईएसआई के खुद के भवन निर्माण की प्रक्रिया वर्ष 2014 में प्रारंभ हो चुकी थी। मुख्यालय स्तर पर अनेक अड़चनों के चलते लंबे समय तक निर्माण कार्य में रूकावट का खेद बनने से काम शुरू नहीं हो पाया था।

### आपातकालीन स्थिति में सोनीपत लगानी पड़ रही दौड़

बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में कई वर्ष पहले ईएसआई डिस्पेंसरी की शुरुआत की गई थी। फिलहाल अस्थायी जगह पर चल रही ईएसआई डिस्पेंसरी में पूर्ण स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाएं भी नहीं हैं। चिकित्सकों के साथ यहां स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं के अभाव में ज्यादातर कामगारों को आपातकालीन स्थित में इलाज के लिए सोनीपत अस्पताल में भेज दिया जाता है। ज्यादा बीमार होने की स्थिति में अस्थाई डिस्पेंसरी में मरीजों को दाखिल करने की भी सुविधा नहीं है। ऐसे में यहां कार्यरत कामगारों में भी रोष है।

### बेरोजगारों युवाओं को मिलेगा रोजगार

बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के नए डिस्पेंसरी भवन का संचालन शुरू होने के बाद यहां रोजगार के द्वार भी खुल सकेंगे। नए भवन में मरीजों के लिए चिकित्सकों, स्टाफ नर्स, स्वास्थ्य व सहायक कर्मियों की नियुक्तियां की जाएंगी। इसके लिए आसपास रहने वाले पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलने की आस जगेगी।




### दिवाली पर चेयरमैनी, अब टिकट

अपने सोशल मीडिया वाले नेताजी फिर से चर्चाओं में हैं। पिछली दिवाली को ही अपनी चेयरमैनी पक्की होने का दावा करते हुए मेयर की टिकट की दावेदारी से पल्ला झाड़ लिया था। लेकिन अब कुछ दिनों से वे फिर खुद को टिकट के दावेदार बताने में जुट गए हैं। लोगों ने नेताजी को ये कहते हुए सुना है कि पिछली बार तो छोटे कार्यकाल के कारण छोड़ दी थी, इस बार टिकट मेरी ही है।

### माननीय के चेले, 80 हजार का चालान

अपने एक युवा माननीय के चेले पिछले दिनों छोटे पद पर बैठी बड़ी रैंक की अधिकारी से भिड़ गए। सड़क पर नियमों की अवेहलना करने वाले इन युवाओं ने माननीय का फोन भी करवा दिया, लेकिन इसके बाद रौब में अधिकारी को उल्टा सीधा भी बोल दिया। फिर क्या था अधिकारी ने भी चालान का 80 हजार का पुलिंदा बांध दिया।

### दोनों पार्टी परेशान कैंडिडेट का रोला

भाजपा और कांग्रेस पार्टी के स्थानीय से लेकर बड़े नेताओं तक सब परेशान है। मामला नगर निगम चुनावों का है। भाजपा परेशान है कि कई कैंडिडेट लाइन में हैं, जबकि कांग्रेस परेशान है कि सिर्फ एक कैंडिडेट को छोड़कर कोई दूसरा ऑप्शन ही नहीं है। कांग्रेस वाले कैंडिडेट पार्टी प्रेशर में चुनाव की तैयारी में हैं, जबकि भाजपा वाले खुद पार्टी पर प्रेशर बनाकर चुनाव लड़ना चाहते हैं।

### कांग्रेसी भीम के सामने चुनौती

अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ाने की कोशिश में जुटे कांग्रेस के भीम के सामने अनौखी चुनौती मुंह बाये खड़ी है। 8 माह पहले जिन लोगों ने विश्वासघात किया था, अब वे लोग हाजिरी लगा रहे हैं। खुद की टिकट के जुगाड़ में घूम रहे इन लोगों को पुरानी बातें याद तो करवाई जा रही हैं, इसके साथ ही इनका पत्ता काटने की तैयारी भी है।

### समानता संवर्धन विनियम वापस लेने की मांग

**सोनीपत।** राष्ट्रीय जातिगत आरक्षण विरोधी पार्टी के महासचिव रविन्द्र जठेड़ी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर केंद्र सरकार से यूजीसी द्वारा अधिसूचित समानता संवर्धन विनियम 2026 को तुरंत वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह विनियम भेदभावपूर्ण, एकतरफा और कैंपस में झूठी शिकायतों को बढ़ावा देने वाला है, जिससे छात्रों में वैमनस्य, भय और तनाव उत्पन्न हो रहा है तथा शिक्षा प्रभावित हो रही है। उन्होंने आरक्षण समर्थक नीतियों को देश को कमजोर करने वाला बताया।

## शिक्षित और संस्कारवान बच्चे हमारी वास्तविक पूंजी : उमेद

*गांव धनाना में पहुंचे जाटान, नागिल और कुहाड़ (जनक) खाप के अध्यक्ष*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

हमें अपने बच्चों अधिक भौतिक सुविधाएं देने की बजाए शिक्षा और संस्कार देने की आवश्यकता है। हमारे बच्चे जब शिक्षित और संस्कारवान बनेंगे तभी हम अपने बच्चों के रूप में देश को अच्छे नागरिक दे पाएंगे। यही हमारी वास्तविक पूंजी है। यह बात जाटान, नागिल और कुहाड़ की नियंता जनक खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेद सिंह कुहाड़ ने कही। वे बुधवार को गांव धनाना स्थित कंडी माता के मंदिर में पहुंचे थे। उन्होंने गांव स्थित व्यायामशाला का भी दौरा किया।



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पहलवान वजीर सिंह, सोमबीर उर्फ काला, दलबीर सिंह, राजल, उमेद सिंह जींद, मांगे राम, प्रो. बलजीत जाटान, पंचायत समिति उप चेयरमैन प्रतिनिधि सतीश ढुल, सरपंच प्रतिनिधि अनिल जाटान, युद्धवीर सिंह, सत्यवान जाटान, जगदीश जाटान, समुंद्र सिंह और विक्रम सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## मनरेगा को पंगु बनाना गरीबों के साथ विश्वासघात : दिवान

- कांग्रेस ने 'मनरेगा बचाओ' अभियान के तहत गांवों में फूंका बिगुल, सरकार की नीतियों को बताया गरीब विरोधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा योजना में कथित कटौती और ग्रामीण मजदूरों की अनदेखी के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 'मनरेगा बचाव' अभियान चलाकर गांवों में जन-संपर्क किया। अभियान की शुरुआत सुबह लिवासपुर से हुई, जिसके बाद पलड़ी, पलड़ा, बसोदी, नई बसोदी, राई, राठधना ठरू, सांदल व माहरा में जनसभाएं आयोजित की गईं। कमल दिवान ने भाजपा पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा शुरू की गई मनरेगा योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन भाजपा सरकार बजट घटाकर और ऑनलाइन हाजिरी जैसी जटिल प्रक्रियाएं थोपकर इसे खत्म करने की साजिश रच रही है। दिवान ने कहा कि महंगाई के इस दौर में मनरेगा को पंगु बनाना गरीबों के साथ सीधा विश्वासघात है।



**सोनीपत।** अभियान के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष, पूर्व विधायक एवं अन्य।

### ये रहे उपस्थित

इस विशेष अभियान में हरियाणा सह प्रभारी जितेंद्र बघेल, सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया, पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार, पदम सिंह दहिया, ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और सरकार की जन-विरोधी नीतियों का पर्दाफाश किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जय भगवान अंतिल, जयवीर अंतिल, महासचिव दयानंद वाल्मीकि, महासचिव राजेश सेवली, सचिव रविंद्र मलिक, सुरेंद्र शर्मा, सिकंदर दहिया, प्रवक्ता राकेश सौदा, राजेश कौशिक, सचिव नरेंद्र हुड्डा, बंसीलाल कुंडू, रंजीत कौशिक, नरेंद्र बूरा और नीटू दहिया सहित अनेक नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मोबाइल फोन छीनने के मामले में दो काबू

**सोनीपत।** जिले के थाना कुंडली की पुलिस ने मोबाइल फोन छिनने की घटना में संलिप्त दो आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान कमल निवासी मेरठ, उत्तर प्रदेश हाल कुंडली सोनीपत तथा अमरेश निवासी बरेली, उत्तर प्रदेश हाल कुंडली सोनीपत के रूप में हुई है। इस मामले में पीड़ित प्रवीन पुत्र नरेश निवासी कुंडली ने थाना कुंडली में शिकायत दी थी कि 21 दिसंबर 2025 को वह चोपड़ा पेट्रोल पंप से कुंडली गांव की ओर जाते हुए शाम करीब साढ़े सात बजे अपने दोस्त से मोबाइल पर बात कर रहा था। इसी दौरान अज्ञात बाइक सवार उसका मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028



**गोहाना।** ओबीसी रोडवेज कर्मचारी महासभा का गठन करते हुए प्रबुद्धजन।

### मोहन लाल अध्यक्ष और राममेहर बने चेयरमैन

**गोहाना।** बुधवार को गोहाना सब डिपो की ओबीसी रोडवेज कर्मचारी महासभा का गठन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला गोहाना ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष मुकेश रोहिल्ला ने कहा कि वे ओबीसी कर्मचारियों की मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का काम करेंगे। विशिष्ट अतिथि मुखत्यार दांगी और राजेंद्र खोखर थे। राज्य महासचिव रामनिवास पांचाल ने बताया कि ओबीसी कर्मचारी के अधिकारों की सुरक्षा के लिए हर डिपो में ओबीसी रोडवेज कर्मचारी महासभा का गठन किया जा रहा है। इस क्रम में गोहाना सब डिपो की ओबीसी रोडवेज कर्मचारी महासभा की कार्यकारिणी में मोहन लाल रोहिल्ला अध्यक्ष, राममेहर जांगड़ा चेयरमैन, पवन आहुलाना वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संदीप स्वामी रिठाल और मुल्की सिंह उपाध्यक्ष, परमजीत कश्यप सचिव, विक्की प्रजापति सह सचिव, राकेश यादव कोषाध्यक्ष, राजेश सैनी सह कोषाध्यक्ष, निवास सैनी ऑडिटर, सुनील जांगड़ा सह ऑडिटर, जितेंद्र कश्यप संगठन सचिव, अनिल कुमार माहरा व आनंद कश्यप कार्यालय सचिव, अशोक जांगड़ा और गुलाब सिंह को मुख्य सलाहकार चुना गया। इस मौके पर सुभाष योगी, जितेंद्र सेन दिल्ली, प्रमोद सेन, वीरेंद्र वर्मा, रमेश सेन, अशोक पांचाल, राजेंद्र स्वामी, हवा सिंह व सुभाष स्वामी उपस्थित रहे।

### खेल महाकुंभ में नालंदा सदन सर्वश्रेष्ठ घोषित

**गन्नौर।** खेड़ी रोड स्थित बीआर ग्लोबल स्कूल में खेल महाकुम्भ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के चेयरमैन राकेश यादव, शैक्षणिक निदेशिका पूजा पहल, उप प्रधानाचार्या मंजू सहरावत एवं शिक्षकगण द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुती दी। अंतरसदनीय खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत कबड्डी, खो-खो और बास्केटबाल के रोमांचक मुकाबले आयोजित हुए। कबड्डी में वरिष्ठ वर्ग की छात्राओं में नालंदा सदन, कनिष्ठ वर्ग की छात्राओं में अमेजन सदन तथा कनिष्ठ वर्ग के छात्रों में नील सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। खो-खो में कनिष्ठ वर्ग के छात्रों में अमेजन, छात्राओं में नील, वरिष्ठ वर्ग के छात्रों में अमेजन तथा छात्राओं में नालंदा सदन विजेता रहा। बास्केटबाल में नालंदा सदन ने अमेजन सदन को हराया। नालंदा सदन को सर्वश्रेष्ठ सदन घोषित किया गया। विजेता टीमों को स्वर्ण पदक व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।



**गन्नौर।** खेल महाकुंभ के अवसर पर चेयरमैन राकेश यादव, शैक्षणिक निदेशिका पूजा पहल सहित अन्य।



**सोनीपत।** लाला लाजपत राय की मूर्ति पर माल्यार्पण के उपरांत पूर्व मेयर साथ में गणमान्य लोग।

### लाला लाजपत राय की मूर्ति पर किया माल्यार्पण

**सोनीपत।** लाला लाजपत राय का जीवन साहस, स्वाभिमान एवं स्वदेशी का पर्याय था और उन्होंने अंग्रेजी शासन को नाकों चने चबवा कर देश को अंग्रेजों के चंगुल से मुक्त करवाने की क्रांति का सूत्रपात किया। लाला लाजपत राय का अतीत केवल स्मृति नहीं बल्कि भारत के लिए आत्म बल, निर्भीकता एवं राष्ट्र निर्माण का जीवित आह्वान है। उक्त विचार नगर निगम के पूर्व मेयर राजीव जैन ने लाला लाजपत राय मंडी में उनकी 161 वीं जयंती के अवसर पर मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देने के बाद संबोधन में व्यक्त किये। कार्यक्रम में मंडी के प्रधान अजय गोयल, व्यापार मंडल के प्रधान संजय सिंगला, मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन संजय वर्मा, प्रदीप गोयल, पूर्व पार्षद अतुल जैन, भाजपा नेता नवीन मंगला, रमेश जैन, अशोक गर्ग, नरेश कंसल, सचिन आदि व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर लाला लाजपत राय अमर रहे के नारे लगाकर लड्डू का प्रसाद वितरित किया गया।

**विवाद** मुरथल विश्वविद्यालय में आवास आवंटन को लेकर विवाद

# डीसीआरयूटीए ने अधिकारी पर रिश्तेदार को लाभ पहुंचाने का लगाया आरोप

*कहा: कुलसचिव पद पर कोई कार्यरत नहीं, इसके बावजूद आदेश किया जारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में सरकारी आवास आवंटन को लेकर एक विवाद सामने आया है। विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एसोसिएशन डीसीआरयूटीए ने विश्वविद्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि कुलसचिव की अनुपस्थिति का लाभ उठाकर अपने एक रिश्तेदार को छोटे सरकारी मकान से बड़े सरकारी आवास बी-15 का आवंटन कर दिया गया। डीसीआरयूटीए ने इस पूरे घटनाक्रम को भाई-भतीजावाद, विवेकाधीन कोटा के दुरुपयोग और वरिष्ठता की अनदेखी का उदाहरण बताया है।



**सोनीपत।** आवंटित किया गया आवास।

डीसीआरयूटीए का आरोप है कि विश्वविद्यालय में बीते लगभग एक महीने से कुलसचिव पद पर कोई अधिकारी कार्यरत नहीं है, इसके बावजूद कार्यालय आदेश संख्या 13 दिनांक 22 जनवरी 2026 जारी किया गया। इस आदेश के तहत सरकारी आवास बी-15 का आवंटन एक प्रोफेसर को तथाकथित विवेकाधीन अथवा विशेष कोटा के अंतर्गत किया गया, जो संबंधित अधिकारी के रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। संगठन का कहना है कि यह आवंटन न केवल नियमों के विपरीत है, बल्कि पारदर्शिता और निष्पक्ष प्रशासन की भावना को भी ठेस पहुंचाता है।

### आवासों के लिए वरिष्ठों ने किया था आवेदन

डीसीआरयूटीए ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा परिपत्र संख्या 219 दिनांक 2 दिसंबर 2025 के माध्यम से बी-टाइप आवासों, जिनमें बी-15 भी शामिल था, के लिए आवेदन मांगे गए थे। इन आवासों के लिए कई वरिष्ठ और पात्र प्राध्यापकों ने नियमानुसार आवेदन किया, लेकिन उन्हें नजरअंदाज करते हुए आवास का आवंटन संबंधित अधिकारी के रिश्तेदार को कर दिया गया। संगठन का आरोप है कि यह निर्णय केंद्र और प्रदेश सरकार की घोषित नीतियों के भी विपरीत है, जिनमें भाई-भतीजावाद के बजाय योग्यता और वरिष्ठता को महत्व देने की बात कही जाती है।

### पहले भी लिए गए हैं ऐसे निर्णय

डीसीआरयूटीए ने यह भी आरोप लगाया है कि इससे पहले भी विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा इसी तरह के निर्णय लिए गए हैं। संगठन का कहना है कि पूर्व में एक अन्य प्रशासनिक निर्णय के तहत एक वरिष्ठ प्राध्यापक को निर्धारित समय से पहले पद से हटाकर संबंधित अधिकारी के रिश्तेदार को एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उस समय भी शिक्षक संघ और छात्रों द्वारा लंबे समय तक विरोध किया गया था, लेकिन प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। डीसीआरयूटीए ने इस पूरे प्रकरण को पद के दुरुपयोग, हितों के टकराव और भाई-भतीजावाद का गंभीर उदाहरण बताते हुए कहा है कि इससे विश्वविद्यालय के शिक्षकों में भारी रोष और निराशा व्याप्त है।

### राज्यपाल को भेजा औपचारिक ज्ञापन

इस मामले को लेकर डीसीआरयूटीए ने हरियाणा के राज्यपाल-सह-कुलाधिपति को विश्वविद्यालय के अधिकारी के माध्यम से एक औपचारिक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में संगठन ने मांग की है कि आवास बी-15 का आवंटन तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए। इसके साथ ही सभी अधिसूचित बी-टाइप आवासों का पुनः आवंटन वरिष्ठता और पात्रता के आधार पर किया जाए। डीसीआरयूटीए ने यह भी मांग की है कि तथाकथित विवेकाधीन अथवा विशेष कोटा के प्रयोग से संबंधित नियमों और कारणों का पूर्ण खुलासा किया जाए।